# सरकारी हॉईस्कूल करेकट्टे, चन्नगिरी तालुका।

## अर्ध वार्षिक परीक्षा: सितंबर - 2025

**विषय:हिंदी　　कक्षा:दसवीं　　अंक:80　　समय:3-00 घंटे**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार - चार विकल्प सुझाए गये हैं , उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8**

1. "पास" का विरुद्धार्थ शब्द -
   [A] दूर　[B] समीप　[C] नजदीक　[D] निकट
2. "लेखक" शब्द का स्त्रीलिंग रूप है -
   [A] लेखकी　[B] लेख　[C] सुलेख　[D] लेखिका
3. "कर" शब्द का पर्यायवाची शब्द है -
   [A] करण　[B] मुख　[C] हस्त　[D] पाँव
4. "रोना" का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप -
   [A] रो　[B] रुलाना　[C] रुलवाना　[D] रुला
5. निम्नलिखित में से "द्वंद्व समास" का उदाहरण है -
   [A] बेहोश　[B] पंद्रह मिनट　[C] दुबला-पतला　[D] सुविधानुसार
6. निम्नलिखित में से "एक वचन" शब्द है -
   [A] परदा　[B] कमरे　[C] दायरे　[D] कुत्ते
7. "परोपकार" शब्द में संधि है -
   [A] अयादि संधि　[B] यण् संधि　[C] दीर्घ संधि　[D] गुण संधि
8. आज का युग इंटरनेट युग है।
   वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है -
   [A] अर्ध विराम　[B] पूर्ण विराम　[C] अल्पविराम　[D] प्रश्नवाचक

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4**

9. सेब बेचनेवाला : बेईमान :: रेवड़ी बेचनेवाला : ......................
10. कलाम के चचेरे भाई : शमसुद्दीन :: कलाम के अंतरंग मित्र : ......................
11. पंडित राजकिशोर : किशनगंज :: बसंत : ........................
12. धर्म का मूल : दया :: पाप का मूल : ........................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4**

13. सभी ओर क्या गूँज उठा है ?
14. आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है ?
15. गिलहरियों की जीवन अवधि सामान्यतया कितनी होती है ?
16. प्रगतिशील राष्ट्र किसके द्वारा बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. गाजर के बारे में प्रेमचंद जी का विचार लिखिए ?
18. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाए ?
19. जलालुद्दीन अब्दुल कलाम को किन-किन विषयों के बारे में बताते रहते थे ?
20. बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से क्यों इनकार करता है ?
21. मातृभूमि के प्राकृतिक-सौंदर्य का वर्णन कीजिए।
22. दिनकर जी ने आधुनिक मानव की भौतिक साधना का परिचय कैसे किया है ?

23. 'शनि' सौर-मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है। कैसे ? **अथवा**
'टाइटन' के बारे में लिखिए।

24. महात्मा गांधी जी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ? **अथवा**
शनि का निर्माण किन गैसों से बना है ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27**

25. 'कश्मीरी सेब' पाठ में लेखक पाठकों को क्या चेतावनी देते हैं ?
26. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए।
27. नमाज की प्रासंगिकता के बारे में लिखिए।
28. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है। कैसे ?
29. गिल्लू के कार्य-कालप के बारे में लिखिए।
30. मातृभूमि का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?
31. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?
32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए:

मुखिया मुख सो चाहिए, खान पान को एक।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

इंटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं। कोई भी बिल भर सकते हैं। इससे दूकान जाने और लाइन में घंटों खड़े रहने का समय बच सकता है।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8**

34. बसंत की ईमानदारी का परिचय सोदाहरण दीजिए। **अथवा**
पंडित राजकिशोर के मानवीय गुण अनुसरणीय है। स्पष्ट कीजिए।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

राम नाम ...................................................... ।
...................................................... उजियार।।

**VII. 36 गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 4 × 1 = 4**

तानसेन के ताऊ बाबा रामदास एक अच्छे संगीतज्ञ थे। वह वृंदावन के स्वामी हरिदास के शिष्य थे। कहते हैं तानसेन 5 वर्ष की उम्र तक बोल नहीं सके थे। फिर सूफी फकीर मुहम्मद गौस के आशीर्वाद से बोलने लगे थे। यह भी कहा जाता है कि मुहम्मद गौस बड़े ऊँचे संगीतज्ञ थे।

(क) तानसेन के ताऊ कौन थे ? (ख) तानसेन के ताऊ किनके शिष्य थे ?
(ग) तानसेन कितने उम्र तक नहीं बोल सके थे ? (घ) मुहम्मद गौस एक बड़े कौन थे ?

**VIII. 37. किसी एक विषय के बारे में 12 - 15 वाक्यों में निबंध लिखिए : 1 × 4 = 4**

(क) वन महोत्सव
(ख) इंटरनेट का महत्व
(ग) बेरोजगारी

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5**

38. कोई सकारण देते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।

**अथवा**

परीक्षा तैयारी के बारे में अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

●●●●●●●●●●●●●●●●●●●●

# सरकारी हॉईस्कूल करेकट्टे, चन्नगिरी तालुका।

## अर्ध वार्षिक परीक्षा: सितंबर - 2025

**विषय:हिंदी   कक्षा:दसवीं   अंक:80   समय:90मिनट**

### उत्तर पत्रिका :

| क्र.सं. | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. 1. | दूर | 1 |
| 2. | लेखिका | 1 |
| 3. | हस्त | 1 |
| 4. | रुलाना | 1 |
| 5. | दुबला-पतला | 1 |
| 6. | परदा | 1 |
| 7. | गुण संधि | 1 |
| 8. | पूर्ण विराम | 1 |
| II. 9. | ईमान | 1 |
| 10. | अहमद जलालुद्दीन | 1 |
| 11. | अहीर टीला | 1 |
| 12. | अभिमान | 1 |
| III. 13. | सभी ओर जय-हिंद का नाद गूँज उठा है। | 1 |
| 14. | आधुनिक पुरुष ने प्रकृति पर विजय पायी है। | 1 |
| 15. | गिलहरियों की जीवन अवधि सामान्य दो वर्ष होती है। | 1 |
| 16. | प्रगतिशील राष्ट्र ई-गवर्नेंस द्वारा बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं। | 1 |
| IV. 17. | गाजर भी पहले गरीबों की पेट भरने की चीज थी। अमीर लोग तो उसका हलवा ही खाते थे। मगर अब पता चला है कि गाजर में बहुत विटामिन है; इसलिए गाजर को भी मेजों पर स्थान मिलने लगा है। | 2 |
| 18. | घायल गिल्लू को महादेव वर्मा जी ने  हौले से उठाकर अपने कमरे में लयी। फिर रुई से रक्त पोंछकर घावों पर पेन्सिलन का मरहम लगाया। कई घंटे के उपचार के उपरांत उसके मुँह में एक बूँद पानी टपकाया जा सका। | 2 |
| 19. | अहमद जलालुद्दीन अब्दुल कलाम जी को हमेशा शिक्षित व्यक्तियों, वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियां के बारे में बताते रहते थे। | 2 |
| 20. | क्योंकि बसंत ईमानदार और स्वाभिमान लड़का था। भीख नहीं लेना चाहता था। मुफ्त में दिए पैसे को बसंत भीख समझता है। वह मेहनत और ईमानदार से जीने वाला लड़का था। | 2 |
| 21. | मातृभूमि के खेत हरे-भरे है।<br>मातृभूमि के वन-उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं।<br>मातृभूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है। | 2 |
| 22. | आज मानव ने प्रकृति के अनेक तत्वों को अपने नियंत्रण में रख लिया है।<br>वारि, विद्युत और भाप अपनी इच्छानुसार उपयोग कर सकता है।<br>अपनी आज्ञानुसार पवन के ताप को भी बदल सकता है। | 2 |
| 23. | शनि ग्रह को प्रकृति ने उसके गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं। शनि के इन | |

| | | |
|---|---|---|
| | वालयों या कंकणों ने इस ग्रह को सौर-मंडल का सबसे सुंदर एवं मनोहर ग्रह बनाया है।<br>अथवा<br>टाइटन सौर-मंडल का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और दिलचस्प उपग्रह है। टाइटन हमारे चंद्र से भी काफी बड़ा है। इसका व्यास 5150 किलोमीटर है। | 2 |
| 24. | 'सत्य एक विशाल वृक्ष है। उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं। उनका अंत नहीं होता।'<br>अथवा<br>शनि का वायुमंडल हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैंसों से बना है। | 2 |
| V. 25. | कश्मीरी सेब पाठ में लेखक प्रेमचंद जी ने अपना अनुभव बताते हुए पाठकों को सचेत करते हैं कि अगर खरीदारी करते समय सावधानी नहीं बरतें तो धोखा खाने की संभावना होती है। | 3 |
| 26. | गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती, अतः गिल्लू की जीवन-यात्रा का अंत आ ही गया। दिन भर उसने ना। कुछ खाया, न वह बाहर गया। पंजे इतने ठंडे हो रहे थे की लेखिका ने जगकर हीटर जलाया और उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया। परंतु प्रभात की प्रथम किरण के साथ ही वह चिर निद्रा में सो गया। | 3 |
| 27. | - 'जब तुम नमाज पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो; जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता।' | 3 |
| 28. | 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है, जिसने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर लाख खड़ा कर दिया है। सोशल नेटवर्किंग के कई साइट्स हैं, जैसे- फेसबुक, आरकुट, ट्विट्टर, लिंक्डइन आदि। इन साइटों के कारण देश-विदेश के लोगों के रहन-सहन, वेश-भूषा, खान-पान के अलावा संस्कृति, कला आदि का प्रभाव शीघ्रातिशीघ्र हमारे समाज पर पड़ रहा है। | 3 |
| 29. | गिल्लू अपने घर में झूलता रहता था, लेखीका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू उनके पैर तक आकर सर्र से पर्दे पर चढ़ जाता था, उसी तेजी से उतरता था, वर्मा जी को चौंकाने के लिए वह कभी फूलदान के फूलों में कभी परदे की चुन्नट में कभी सोनजुही की पत्तियों में छीप जाता था, लेखिका के थाली के पास बैठकर एक-एक चावल उठाकर बड़ी सफाई से खाता था, दिनभर बाहर की गिलहरियों के झुंड का नेता बनता, हर डाल पर उछलता-कूदता रहता और ठीक 4:00 बजे वह खिड़की से भीतर आकर झूले में झूलने लगता। | 3 |
| 30. | * मातृभूमि अमरों की जननी है।<br>* भारत माँ की उर में गांधी, बुद्ध और राम शाहित है।<br>* भारत माता के एक हाथ में न्याय-पताका और दूसरे हाथ में ज्ञान-दीप है ।<br>* जगह का रूप बदलने के लिए कवि भारत माँ से निवेदन कर रहे हैं। | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | * भारत माँ के साथ कोटि-कोटि लोग हैं ।<br>* जय-हिंद का नाद सकल नगर और ग्राम पर गूँज उठा है। | |
| 31. | * मानव-मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना मानव की सिद्धि है।<br>* जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी को मिटाए, वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा।<br>* स्वयं को पहचानना।<br>* बुद्धि पर चैतन्य की जीत करना। | 3 |
| 32. | प्रस्तावना : निम्नलिखित पंक्तियों को गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा लिखित दोहा "तुलसी के दोहे" से दिया गया है।<br>भावार्थ : मुखिया को मुँह के समान होना चाहिए। मुँह खाने-पीने का काम अकेला करता है। लेकिन वह जो खाता-पीता है उसे शरीर के सारे अंगों का पालन -पोषण करता है। तुलसी की राय में मुखिया को भी ऐसे ही विवेकापन होना चाहिए कि वह काम अपनी तरह से करें लेकिन उसका फल सभी में बाँटे। | 3 |
| 33. | ಇಂಟರ್ನೆಟ್ ಮೂಲಕ ಮನೆಯಿಂದಲೇ ಶಾಪಿಂಗ್ ಮಾಡಬಹುದು ಮತ್ತು ಯಾವುದೇ ಬಿಲ್ ಪಾವತಿಸಬಹುದು. ಇದರಿಂದ ಅಂಗಡಿಗೆ ಹೋಗಿ ಗಂಟೆಗಟ್ಟಲೆ ಕ್ಯೂನಲ್ಲಿ ನಿಲ್ಲುವ ಸಮಯವನ್ನು ಉಳಿಸಬಹುದು. | 3 |
| VI. 34<br>. | * बसंत ईमानदार लड़का है।<br>* वह गरीब जरूर है किंतु भीख नहीं माँगना चाहता।<br>* अपने से बने कार्य करता है।<br>* छोटी-छोटी चीजों को बेचना चाहता है।<br>* राजकिशोर दो पैसे देने के लिए तैयार भी था किंतु बसंत उसे साफ इनकार कर कहा कि मैं भीख नहीं लूँगा।<br>* दूसरी यह घटना है कि वह एक रुपये का छुट्टा लेने जाता है उसके पैर मोटर के नीचे दब जाती है, ऐसे संदर्भ में भी बसंत अपने छोटे भाई प्रताप को साडे 14 आने लौटाने के लिए भेजता है।<br>अथवा<br>* पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता थे।<br>* वह किशनगंज में रहते थे।<br>* गरीबों और मजदूरों के प्रति सहानुभूति दिखाने वाले व्यक्ति थे।<br>* वह कंगालों के प्रति हमदर्दी दिखाते हुए आधार के साथ व्यवहार करने वाले व्यक्ति थे।<br>* पंडित राजकिशोर बसंत को सहायता करने की दृष्टि से एक छलनी खरीदते हैं।<br>* प्रताप से बसंत की मोटर दुर्घटना का समाचार सुनते तुरंत उसके पास पहुँचते हैं।<br>* बसंत का इलाज कराने के लिए डॉक्टर को बुलाते हैं।<br>* बसंत को अस्पताल ले जाने का प्रबंध करते हैं।<br>* उन दोनों भाइयों के साथ रहकर सांत्वना देते हैं। | 4 |
| 35. | राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार। | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार।। | |
| VII. 36. | (क) तानसेन के ताऊ एक अच्छे संगीतज्ञ थे।<br>(ख) तानसेन के ताऊ वृंदावन के स्वामी हरिदास के शिष्य थे।<br>(ग) तानसेन 5 वर्ष की उम्र तक बोल नहीं सके थे।<br>(घ) मुहम्मद गौस एक बड़े संगीतज्ञ थे। | 4 |
| VIII.37. | निबंध लेखन :<br><u>वन महोत्सव</u><br>* प्रस्तावना<br>* वृक्षों का महत्व और उपयोग<br>* वनों के नाश व कारण<br>* वनों की रक्षा के उपाय<br>* उपसंहार<br><u>इंटरनेट का महत्व</u><br>* प्रस्तावना<br>* इंटरनेट का अर्थ<br>* इंटरनेट के उपयोग<br>* इंटरनेट का महत्व<br>* उपसंहार<br><u>बेरोजगारी</u><br>* प्रस्तावना<br>* बेरोजगारी का अर्थ<br>* बेरोजगारी के कारण<br>* बेरोजगारी को दूर करने के उपाय<br>* उपसंहार | 4 |
| IX. 38. | व्यवहारिक पत्र : अथवा पारिवारिक पत्र :<br>व्यवहारिक पत्र: * प्रेषक का पता * पत्र पाने वाले का पता * विषय * संबोधन * पत्र का कलेवर * समाप्ति<br>पारिवारिक पत्र: * प्रेषक का पता व दिनांक * संबोधन एवं अभिवादन * पत्र का कलेवर * समाप्ति * पत्र पाने वाले का पता | 5 |

विषय शिक्षक का हस्ताक्षर: मुख्य शिक्षक का हस्ताक्षर: